राष्ट्रीय सहारा

# सीएसए ने प्लेसमेंट में रचा इतिहास, 175 छात्र चयनित

कानपुर। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के 175 छात्र इस वर्ष विभिन्न विभागों व संस्थानों में जॉब पाने में सफल रहे। संस्थान के लिए किसी एक सत्र में प्लेसमेंट का यह एक रिकार्ड है। विवि कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

विवि के सेवायोजन प्रभारी डॉ.एएल जाटव ने बताया कि 52 छात्रों को ऑन कैम्पस तथा 86 विद्यार्थियों को ऑफ कैम्पस प्लेसमेंट मिला है। प्लेसमेंट पाने में सफल रहे विद्यार्थियों में 15 को बैंक, 16 को कृषि विभाग में नौकरी मिलने के साथ ही 5 असिस्टेंट प्रोफेसर व 3 फॉरेस्ट रेंजर बने हैं। गन्ना विभाग, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड , कृभको तथा अन्य विभागों व एनजीओ में कुल 86 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। ऑन कैम्पस प्लेसमेंट के जरिए एचसीएल, आईडीवीआई बैंक, भारत एग्रो व यूपीएसआरएलएम सहित अन्य संस्थानों के लिए 52 विद्यार्थी चुने गये हैं। विवि प्रवक्ता डॉ.खलील खान के अनुसार कृषि अभियंत्रण कॉलेज इटावा के 37 विद्यार्थी भी प्लेसमेंट पाने में सफल रहे हैं। कुल 175 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न संस्थानों, कंपनियों व एनजीओ ने किया है।

हिन्दुस्तान

कानपुर • शुक्रवार • 10 दिसंबर 2021 •


# सीएसए के 175 को मिली जॉब

कानपुर। सीएसए के 175 छात्र-छात्राओं को जॉब मिली। विवि के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी। विवि के सेवायोजन प्रभारी डॉ. एएल जाटव ने बताया कि 30 नवंबर तक जॉब पाने वाले छात्रों की संख्या 175 है। इसमें 52 छात्रों को कैम्पस प्लेसमेंट मिला है, जबकि 86 छात्रों का चयन ऑफ कैम्पस हुआ।

अमर उजाला 05

शुक्रवार • 10.12.2021

kanpur.amarujala.com

# सीएसए : 177 को नौकरी

कानपुर। सीएसए के 177 छात्र-छात्राओं को नौकरी मिल गई है। विश्वविद्यालय के सेवायोजन प्रभारी डॉ. एएल जाटव ने बताया कि 52 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट मिला है, जबकि 86 छात्रों का चयन ऑफ कैंपस हुआ है। बैंकों में 15, कृषि विभाग में 16, पांच असिस्टेंट प्रोफेसर, फारेस्ट रेंज में तीन छात्रों का चयन हुआ है। गन्ना विभाग, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड समेत अन्य विभाग व एनजीओ में 86 छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर हुए हैं। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि विवि के कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय इटावा के 37 छात्र-छात्राओं का भी कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। (ब्यूरो)

Sign in to edit and save changes to this file.

आर.एन.आई.नं.- UPHIN/2009/44666
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
सत्ता एक्सप्रेस
डी.ए.वी.पी नई दिल्ली एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त
वर्ष: 13 अंक : 57 कानपुर देहात, शुक्रवार 10 दिसम्बर 2021 Email: sattaexpress@rediffmail.com पृष्ठ

न तहरीर देकर आरोप लगाया है।

# सीएसए के 175 छात्रों का विभिन्न विभागों/संस्थाओं में चयन, रचा इतिहास

दैनिक सत्ता एक्सप्रेस कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 138 छात्र–छात्राओं का वर्ष 2021 में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के सेवायोजन प्रभारी डॉ ए एल जाटव ने बताया कि यह आंकड़े जनवरी से 30 नवंबर 2021 तक के हैं। अभी कई विभागों एवं संस्थाओं के परिणाम आना बाकी है। उन्होंने बताया कि 52 छात्र छात्राओं का आन कैंपस विभिन्न संस्थाओं विभागों में चयन हुआ है। जबकि ऑफ कैंपस 86 छात्र–छात्राओं का चयन हुआ है। बैंकों में 15, कृषि विभाग में 16, असिस्टेंट प्रोफेसर में 5, फॉरेस्ट रेंजर में 3, गन्ना विभाग, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड एवं कृभको तथा अन्य विभागों एवं एनजीओ में कुल 86 छात्र–छात्राओं का चयन हुआ है। जबकि ऑन केंपस प्लेसमेंट में एचसीएल,आईडीबीआई बैंक, भारत एग्रो एवं यूपी एस आर एल एम सहित अन्य संस्थाओं में 52 छात्र–छात्राओं का चयन हुआ है। उन्होंने कहा है कि चयनित हुए छात्र–छात्राओं में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी तथा नेट उत्तीर्ण शैक्षिक योग्यता वाले छात्र हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय इटावा के 37 छात्र छात्राओं का विभिन्न विभागों ध्संस्थाओं में चयन हुआ है। कुल 175 छात्र–छात्राओं का विभिन्न विभागों और संस्थाओं में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के 138 छात्र छात्राओं के चयन से नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है।

वर्ष 15 अंक 336 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रू0 कानपुर, शुक्रवार 10 दिसम्बर 2021

कानपुर व औरैया से एक साथ प्रकाशित, लखनऊ, इलाहाबाद, बुंदेलखंड, फतेहपुर, इटावा, कन्नौज, मैनपुरी,एटा, हरदोई, उन्नाव,कानपुर देहात में प्रसारित

RNI N.UPHIN/2007/27090

दैनिक नगर छाया

आप की आवाज़.....

# सीएसए के 175 छात्रों का विभिन्न संस्थाओं में चयन

कानपुर (नगर छाया समाचार)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के 138 छात्र-छात्राओं का वर्ष 2021 में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के सेवायोजन प्रभारी डॉ ए.एल. जाटव ने बताया कि यह आंकड़े जनवरी से 30 नवंबर 2021 तक के हैं अभी कई विभागों एवं संस्थाओं के परिणाम आना बाकी है। उन्होंने बताया कि 52 छात्र छात्राओं का आन कैंपस विभिन्न संस्थाओं/ विभागों में चयन हुआ है जबकि ऑफ कैंपस 86 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। डॉक्टर जाटव ने कहा कि बैंकों में 15, कृषि विभाग में 16, असिस्टेंट प्रोफेसर में 5, फॉरेस्ट रेंजर में 3, गन्ना विभाग, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड एवं कृभको तथा अन्य विभागों एवं एनजीओ में कुल 86 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है, जबकि ऑन केंपस प्लेसमेंट में एचसीएल,आईडीबीआई बैंक, भारत एग्रो एवं यूपी एस आर एल एम सहित अन्य संस्थाओं में 52 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है उन्होंने कहा है कि




चयनित हुए छात्र-छात्राओं में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी तथा नेट उत्तीर्ण शैक्षिक योग्यता वाले छात्र हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय इटावा के 37 छात्र छात्राओं का विभिन्न विभागों /संस्थाओं में चयन हुआ है । कुल 175 छात्र-छात्राओं का विभिन्न विभागों और संस्थाओं में चयन हुआ है विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के 138 छात्र छात्राओं के चयन से नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है।

www.facebook.com/worldkhabarexpress www.twitter.com/worldkhabarexpress www.youtube.com/worldkhabarexp

WORLD खबर EXPRESS

गुरुवार, 09-12-2021 अंक-425
www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com

WORLD खबर एक्सप्रेस
MID DAY E-PAPER

# सीएसए के 175 छात्र-छात्राओं का विभिन्न संस्थाओं में चयन

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 138 छात्र-छात्राओं का वर्ष 2021 में विभिन्न विभागों व संस्थाओं में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के सेवायोजन प्रभारी डॉ. एएल जाटव ने बताया कि यह आंकड़े जनवरी से 30 नवंबर 2021 तक के हैं। अभी कई विभागों व संस्थाओं के परिणाम आने बाकी हैं। उन्होंने बताया कि 52 छात्र-छात्राओं का ऑन कैंपस विभिन्न संस्थाओं व विभागों में चयन हुआ है जबकि ऑफ कैंपस 86 का चयन हुआ है। डॉ. जाटव ने कहा कि बैंकों में 15, कृषि विभाग में 16, असिस्टेंट प्रोफेसर में 5, फॉरेस्ट रेंजर में 3, गन्ना विभाग, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड व कृभको तथा अन्य विभागों एवं एनजीओ में कुल 86 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है जबकि ऑन कैंपस प्लेसमेंट में एचसीएल, आईडीबीआई बैंक, भारत एग्रो व यूपी एसआरएलएम सहित अन्य संस्थाओं में 52 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। उन्होंने कहा है कि चयनित हुए छात्र-छात्राओं में स्नातक, परास्नातक, पीएचडी व नेट उत्तीर्ण शैक्षिक योग्यता वाले छात्र हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, इटावा के 37 छात्र-छात्राओं का विभिन्न विभागों व संस्थाओं में चयन हुआ है। 175 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश
जन एक्सप्रेस

# विश्वविद्यालय के 138 छात्र छात्राओं के चयन पर दी बधाई

**कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 138 छात्र-छात्राओं का वर्ष 2021 में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं में चयन हुआ है यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के सेवायोजन प्रभारी डॉ. ए. एल. जाटव ने बताया कि यह आंकड़े जनवरी से 30 नवंबर 2021 तक के हैं अभी कई विभागों एवं संस्थाओं के परिणाम आना बाकी है। उन्होंने बताया कि 52 छात्र छात्राओं का आन कैंपस विभिन्न संस्थाओं/ विभागों में चयन हुआ है जबकि ऑफ कैंपस 86 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। डॉक्टर जाटव ने कहा कि बैंकों में 15, कृषि विभाग में 16, असिस्टेंट प्रोफेसर में 5, फॉरेस्ट रेंजर में 3, गन्ना विभाग, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड तथा अन्य विभागों एवं एनजीओ में कुल 86 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है जबकि ऑन केंपस प्लेसमेंट में एचसीएल, आईडीबीआई बैंक, भारत एग्रो एवं यूपी एस आर एल एम सहित अन्य संस्थाओं में 52 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। डॉ खलील खान ने बताया कि कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय इटावा के 37 छात्र-छात्राओं का विभिन्न विभागों /संस्थाओं में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डी आर सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के 138 छात्र छात्राओं के चयन से नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है।